रजिस्टर सं० डी—(डी)—73

REGISTERED NO. D—(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 23] नई दिल्ली, शनिवार, जून 6, 1981 (ज्येष्ठ 16, 1903)

No. 23] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 6, 1981 (JYAISTHA 16, 1903)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	405
भाग I—खंड 2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालयों को छोड़कर) द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	729
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	*
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	753
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खंड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खंड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्टें	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालयों को छोड़कर और केन्द्रीय प्राधिकरणों) (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए सामान्य सांविधिक नियम (जिन में सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खंड 3-क—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उप विधियां भी शामिल हैं) (के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ) (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खंड 3 या खंड 4 में प्रकाशित होते हैं	*
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खंड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबंध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	7045
भाग III—खंड 2—पेटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस	293
भाग III—खंड 3—मुख्य-आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	45
भाग III—खंड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1899
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	105
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु आदि के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) ..	405
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	729
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Resolutions and non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	753
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION I-A.—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of the Select Committees on Bills	*
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 3-A.—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in section 3 or section 4 of the Gazette of India of General Statutory Rules and Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence ..	*
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Supreme Court Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	7045
PART III—SECTION 2.—Notification and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	293
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	45
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1399
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	105
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधिसर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

गृह मंत्रालय

कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 16 मई 1981

सं० 9/6/81-के० से०II—सितम्बर, 1981 में कर्मचारी चयन आयोग द्वारा केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा, रेलवे बोर्ड, सचिवालय लिपिक सेवा, पर्यटन विभाग तथा भारत निर्वाचन आयोग के सचिवालय के उच्च श्रेणी ग्रेड की चयन सूचियों में सम्मिलित करने के लिये एक सीमित विभागीय प्रतियोगितात्मक परीक्षा के लिये नियम सर्व साधारण की सूचना के लिये प्रकाशित किये जाते हैं।

2. चयन सूचियों में सम्मिलित किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति में बता दी जायेगी। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिये रिक्त स्थानों के सम्बन्ध में आरक्षण सरकार द्वारा निर्धारित ढंग से किये जायेंगे।

अनुसूचित जाति/आदिम जाति का अभिप्राय उस किसी भी जाति से है जो निम्नलिखित में उल्लिखित हैं:—

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) आदेश, 1950 संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951, संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिमजाति सूचियां (संशोधन) आदेश, 1956, बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य, अधिनियम, 1970 तथा उत्तर पूर्वीय क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 द्वारा संशोधित किये गये के अनुसार संविधान (जम्मू व काश्मीर) अनुसूचित जाति, आदेश, 1956 संविधान (अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1959, संविधान (दादरा तथा नागर हवेली) अनुसूचित जाति, आदेश 1962, संविधान (दादरा तथा नागर हवेली) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1962 संविधान (पाण्डिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964, संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान (गोवा, दमन तथा दीव) अनुसूचित जाति आदेश, 1968, संविधान (गोआ दमन तथा दीव) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1968, संविधान (नागालैंड) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1970 और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति (संशोधन), अधिनियम, 1976 संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1978 तथा संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1978 ।

3. कर्मचारी चयन आयोग द्वारा इस परीक्षा का संचालन इन नियमों के परिशिष्ट में विहित विधि से किया जायेगा।

किस तारीख को और किन किन स्थानों पर परीक्षा ली जायेगी, इसका निर्धारण आयोग करेगा।

4. केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा अथवा पर्यटन विभाग अथवा भारत के निर्वाचन आयोग के अवर श्रेणी ग्रेड का ऐसा कोई स्थाई अथवा नियमित रूप से नियुक्त स्थाई अधिकारी जो 1 अगस्त, 1981/पहली अगस्त, 1981 को निम्नलिखित शर्तें पूरी करता हो, इस परीक्षा में बैठ सकेगा:—

(क) 1 अगस्त, 1981 को केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड में अथवा पर्यटन विभाग के अवर श्रेणी लिपिक के पद पर उसकी पांच वर्ष से कम की अनुमोदित तथा लगातार सेवा अथवा भारत के निर्वाचन आयोग के सचिवालय में उसकी 3 वर्ष से कम की अनुमोदित तथा लगातार सेवा नहीं होनी चाहिये ।

परन्तु यदि केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा पर्यटन विभाग के अवर श्रेणी ग्रेड में उसकी नियुक्ति प्रतियोगितात्मक परीक्षा, जिसमें सीमित विभागीय प्रतियोगितात्मक परीक्षा के परिणाम निर्णायक तारीख से कम से कम पांच वर्ष पहले घोषित हुए होने चाहिये तथा उसकी उस ग्रेड में कम से कम चार वर्ष की अनुमोदित और लगातार सेवा होनी चाहिये।

परन्तु यदि भारत के निर्वाचन आयोग के सचिवालय के अवर श्रेणी लिपिक के पद पर उसकी नियुक्ति प्रतियोगितात्मक परीक्षा, जिसमें सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा भी शामिल है, के परिणामों के आधार पर हुई हो, तो ऐसी परीक्षा के परिणाम निर्णायक तारीख से कम से कम 3 वर्ष पहले घोषित हुए होने चाहिये तथा उसकी उस ग्रेड में कम से कम 2 वर्ष की अनुमोदित और लगातार सेवा होनी चाहिये।

(ख) रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड में पहली जनवरी, 1981 को उसकी 5 वर्ष से कम की अनुमोदित तथा लगातार सेवा नहीं होनी चाहिये।

परन्तु यदि रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड में उसकी नियुक्ति प्रतियोगितात्मक परीक्षा, जिसमें सीमित विभागीय प्रतियोगितात्मक परीक्षा भी शामिल है, के परिणामों के आधार पर हुई हो तो ऐसी परीक्षा के परिणाम निर्णायक तारीख से कम से कम 5 वर्ष पहले घोषित हुए होने चाहिये तथा उसकी उस ग्रेड में कम से कम 4 वर्ष की अनुमोदित और लगातार सेवा होनी चाहिये।

टिप्पणी 1:—स्वीकृत तथा लगातार सेवा की 5 वर्ष की सीमा उस अवस्था में भी लागू होगी यदि किसी उम्मीदवार की कुल विचारणीय सेवा अंशतः केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा पर्यटन विभाग में अवर श्रेणी लिपिक के रूप में और अंशतः उच्च श्रेणी लिपिक के रूप में की गई हो।

टिप्पणी 2:—अनुमोदित तथ लगातार सेवा की 3 वर्ष की सीमा उस अवस्था में भी लागू होगी, यदि किसी उम्मीदवार की कुल विचारणीय सेवा अंशतः भारत के निर्वाचन आयोग के सचिवालय में अवर श्रेणी लिपिक के रूप में और अंशतः उच्च श्रेणी लिपिक के रूप में की गई हो।

टिप्पणी 3:—केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा अथवा भारत के निर्वाचन आयोग के सचिवालय अथवा पर्यटन विभाग का कोई स्थाई अथवा नियमित रूप से नियुक्त अस्थाई अवर श्रेणी लिपिक, जिसने 26 अक्तूबर, 1962 को जारी की गई आपात काल की उद्घोषणा के प्रवर्तन काल में अर्थात् 26 अक्तूबर 1962 से 9 जनवरी, 1968 तक सशस्त्र सेना में सेवा की हो, सशस्त्र सेना से प्रत्यावर्तन पर सशस्त्र सेना में अपनी सेवा की अवधि (प्रशिक्षण की अवधि मिलाकर यदि कोई हो) निर्धारित न्यूनतम सेवा में गिन सकेगा। अथवा

टिप्पणी 4:—ऐसे अवर श्रेणी लिपिक जो सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से निःसंवर्गीय पदों पर प्रतिनियुक्त हो उन्हें अन्यथा पात्र होने पर इस परीक्षा में आग लेने का पात्र समझा जायेगा तथा यह बात उन अवर श्रेणी लिपिकों पर लागू नहीं होती जो स्थानान्तरित रूप में निसंवर्गीय पदों पर या अन्य सेवा में नियुक्त किये गये हों और केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा अथवा भारत के निर्वाचन आयो के सचिवालय अथवा पर्यटन विभाग के निम्न श्रेणी ग्रेड में ग्रहण अधिकार (लियन) रखते हों।

(2) आयु:—

(क) यदि वह केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा भारत के निर्वाचन आयोग के सचिवालय अथवा पर्यटन विभाग में स्थाई अथवा नियमित रूप से नियुक्त अवर श्रेणी लिपिक हैं तो 1-8-81 को उसकी आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात् उसका जन्म 2 अगस्त, 1931 से पूर्व नहीं हुआ हो।

(ख) यदि वह रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा में स्थाई अथवा नियमित रूप से नियुक्त अवर श्रेणी लिपिक है तो 1-1-81 को उसकी आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये अर्थात उसका जन्म 2 जनवरी, 1931 से पूर्व नहीं हुआ हो।

(ग) ऊपर निर्धारित आयु-सीमा में केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा अथवा पर्यटन विभाग अथवा निर्वाचन आयोग के स्थाई अथवा नियमित रूप से नियुक्त अवर श्रेणी लिपिक के मामलों में जिसने 26 अक्तूबर, 1962 को जारी की गई आपातकाल की उद्घोषणा के प्रवर्तनकाल में अर्थात् 26 अक्तूबर, 1962 से 9 जनवरी, 1968 तक सस्त्र सेना में सेवा की हो, सशस्त्र सेना से प्रत्यावर्तन पर अपनी सेवा (प्रशिक्षण की अवधि समेत यदि कोई हो) की अवधि तक छूट दी जायेगी।

(घ) उपरिलिखित ऊपरी आयु-सीमा में निम्नलिखित और छूट होगी;

(i) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(ii) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक;

(iii) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या किसी अनुसूचित जन जाति का हो तथा भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का सदभाविक विस्थापित व्यक्ति भी हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक;

(iv) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से सद्भाव पूर्वक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो और अक्तूबर 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक;

(v) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का हो और श्रीलंका से सद्भाव पूर्वक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो तथा अक्तूबर 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन । नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक;

(vi) यदि उम्मीदवार भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने कीनिया, उगांडा या तंजानिया संयुक्त गणराज्य से प्रव्रजन किया हो या जाम्बिया, मलावी, जेरे और इथोपिया से प्रत्यावर्ति हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक;

(vii) यदि उम्मीदवार भारतीय मूल का हो और किसी अनुसूचित या आदिम जाति का हो तथा केनिया उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगानीका और जंजीबार) जाम्बिया, मलावी, जेरे और इथियोपिया से प्रव्रजित हो तो अधिकतम 8 वर्ष तक;

(viii) यदि उम्मीदवार बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो, तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक ।

(ix) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित हो तथा बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो, तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक;

(x) किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियों को करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम 3 वर्ष तक;

(xi) किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियाँ करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त अनुसूचित जातियों तथा आदिम जातियों से सम्बन्धित रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम 8 वर्ष तक;

(xii) 1971 में हुए भारत-पाक संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाहियों में विकलांग हुए तथा उसके फलस्वरूप निर्मुक्त किये गये सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों के मामलों अधिकतम 3 वर्ष तक;

(xiii) 1971 में हुए भारत पाक संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाहियों में विकलांग हुए तथा उसके फलस्वरूप निर्मुक्त किये गए सीमा सुरक्षा बल के ऐसे कार्मिकों के मामलों में अधिकतम 8 वर्ष तक जो अनुसूचित जातियों या अनुसूचित आदिम जातियों के हों ।

(xiv) यदि उम्मीदवार वियतनाम से भारतीय मूल का वास्तविक प्रत्यावर्तित व्यक्ति है तथा वह भारत में जुलाई, 1975 से पहले नहीं आया है, तो उसके मामले में अधिकतम 3 वर्ष तक, और

(xv) यदि उम्मीदवार वियतनाम से भारतीय मूल को वास्तविक प्रत्यावर्तित व्यक्ति है तथा वह भारत में जुलाई, 1975 से पहले नहीं आया हो और वह किसी अनुसूचित या आदिम जाति की हो तो उसके मामले में अधिकतम 8 वर्ष तक;

(xvi) यदि उम्मीदवार शारीरिक रूप से विकलांग हो तो अधिक से अधिक 10 वर्ष।

ऊपर बताई गई स्थितियों के अतिरिक्त निर्धारित आयु-सीमा में किसी भी अवस्था में छूट नहीं दी जाएगी।

(3) टंकण परीक्षा.—यदि किसी उम्मीदवार को प्रवर श्रेणी ग्रेड में स्थायीकरण के उद्देश्य से संघ लोक सेवा आयोग/सचिवालय प्रशिक्षण शाला/सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान (परीक्षा स्कन्ध)/अधीनस्थ सेवा आयोग/कर्मचारी चयन आयोग की मासिक/तिमाही टाईप की परीक्षा उत्तीर्ण करने से छूट न मिली हो तो इस परीक्षा की अधिसूचना की तारीख को या इससे पहले यह टाइप की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेनी चाहिए।

5. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या उपात्रता के बारे में इस आयोग का निर्णयक अन्तिम होगा।

6. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश पत्र (सार्टिफिकेट आफ एडमिशन) न हो।

7. यदि किसी उम्मीदवारी को आयोग द्वारा निम्नलिखित बातों के लिए दोषी घोषित कर दिया जाता है या कर दिया गया हो कि उसने—

(i) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवार के लिए समर्थन प्राप्त किया है, अथवा

(ii) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(iii) किसी अन्य व्यक्ति से छदम रूप से कार्य साधन कराया है, अथवा

(iv) जाली प्रमाण-पत्र या ऐसे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए हैं जिसमें तथ्यों को बिगाड़ा गया हो, अथवा

(v) गलत या झूठे वक्तव्य दिए हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(vi) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(vii) परीक्षा भवन में अनुचित तरीके अपनाये हैं, अथवा

(viii) परीक्षा भवन में अनुचित आचरण किया है, अथवा

(ix) उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य के द्वारा आयोग को अवप्रेरित करने का प्रयत्न किया है, तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे—

(क) आयोग द्वारा इस परीक्षा, जिसका वह उम्मीदवार है, के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे अस्थायी रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिए—

(1) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिए,

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा उसके अधीन किसी भी नौकरी से वारित किया जा सकता है, और

(ग) उसके विरुद्ध उपर्युक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

8. यदि कोई उम्मीदवार किसी प्रकार से अपनी उमीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करने की कोई कोशिश करेगा तो आयोग द्वारा उसका आचरण ऐसा समझा जाएगा जिसमें उसे परीक्षा में बैठने के लिए अयोग्य करार दिया जाएगा।

9. उन उम्मीदवारों को छोड़कर जो इस आयोग की विज्ञप्ति के उपबन्धों के अनुसार फीस माफी का दावा करते हों, बाकी उम्मीदवारों को निर्धारित फीस का भुगतान अवश्य करना चाहिए।

10. आयोग परीक्षा के बाद हरेक उम्मीदवार को अंतिम रूप से दिए गए कुल अंकों के आधार पर उनकी योग्यता के क्रम से उनके नामों की चार अलग अलग सूचियां तैयार करेगा और उसी क्रम से उतने ही उम्मीदवारों के नाम अपेक्षित संख्या तक उच्च श्रेणी ग्रेड की प्रवर सूची में शामिल करने की सिफारिश करेगा जो आयोग के निर्णय के अनुसार परीक्षा द्वारा योग्य माने गए हों

परन्तु यदि किसी अनुसूचित जाति/अनुसूचित आदिम जाति के उम्मीदवार सामान्य स्तर के आधार पर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के लिए आरक्षित रिक्त स्थानों तक नहीं भरे जा सके, तो आरक्षित कोटा में कमी को पूरा करने के लिए स्तर में छूट देकर परीक्षा में योग्यता क्रम में उनके रैंक का ध्यान किए बिना, यदि वे योग्य हुए तो आयोग द्वारा सिफारिश की जा सकेगी।

टिप्पणी—उम्मीदवारों को अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए कि यह प्रतियोगिता परीक्षा है न कि अर्हक परीक्षा (क्वालिफाईंग एक्जामिनेशन)। इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर उच्च श्रेणी ग्रेड की प्रवर सूची में कितने उम्मीदवारों के नाम शामिल किए जाएं, इसका निर्णय करने के लिए सरकार पूरी तरह सक्षम है। इसलिए कोई भी उम्मीदवार अधिकार के तौर पर इस बात का कोई दावा नहीं कर सकेगा कि उसके द्वारा परीक्षा में दिए गए उत्तरों के आधार पर उसका नाम प्रवर सूची में शामिल किया ही जाए।

11. हर उम्मीदवार को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में तथा किस प्रकार दी जाये, इसका निर्णय आयोग अपने विवेकानुसार करेगा और आयोग परिणामों के बारे में उनसे कोई पत्र-व्यवहार नहीं करेगा।

12. परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाने से ही चयन का अधिकार तब तक नहीं मिलता जब तक कि संघवर्ग प्राधिकारी आवश्यक जांच के बाद संतुष्ट न हो जाए कि सेवा में उसके आचरण को देखते हुए उम्मीदवार हर प्रकार से चयन के लिए उपयुक्त है;

किन्तु इस संबंध में निर्णय कि क्या आयोग द्वारा चयन के लिए सिफारिश किया गया कोई विशेष उम्मीदवार उपयुक्त नहीं है, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग के परामर्श से किया जाएगा।

13. जो उम्मीदवार परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन पत्र देने के बाद या परीक्षा में बैठे जाने के बाद केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा/रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा/निर्वाचन आयोग/पर्यटन विभाग के अपने पद से त्याग-पत्र दे देगा अथवा अन्य किसी प्रकार से उस सेवा को छोड़ देगा या उससे अपना सम्बन्ध विच्छेद कर लेगा या जिसकी सेवा उसके विभाग द्वारा समाप्त कर दी गई हो या किसी निसंवर्गीय पद या दूसरी सेवा में "स्थानान्तरण" द्वारा नियुक्त किया जा चुका हो और के० सं० लि० से०/रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा/निर्वाचन आयोग/पर्यटन विभाग के निम्न श्रेणी ग्रेड में ग्रहणाधिकार न रखता हो, वह इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्त का पात्र नहीं होगा।

तथापि यह उस प्रवर श्रेणी लिपिक पर लागू नहीं होता जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से किसी निसंवर्गीय पद पर प्रतिनियुक्त किया जा चुका हो।

एन० एस० शंकरन, प्रवर सचिव

परिशिष्ट

परीक्षा निम्नलिखित योजना के अनुसार होगी :—

भाग 1—नीचे परिच्छेद 2 में बताए गए विषयों की कुल 300 अंकों की लिखित परीक्षा।

भाग 2—आयोग द्वारा विवेकानुसार ऐसे उम्मीदवारों के सेवावृत्तों (रिकार्ड आफ सर्विस) का मूल्यांकन जो लिखित परीक्षा में ऐसा न्यूनतम स्तर प्राप्त करते हैं, जिसके बारे में आयोग फैसला करेगा, और इसके लिए अधिकतम अंक 100 होंगे।

2. भाग-1 में बताई गई लिखित परीक्षा के विषय, प्रत्येक प्रश्न-पत्र के लिए अधिकतम अंक तथा दिया जाने वाला समय इस प्रकार होगा :—

विषय	अधिकतम अंक		दिया गया समय
(1) निबन्ध तथा सार लेखन			
(क) निबन्ध . . .	50	100	2 घंटे
(ख) सार लेखन	50		
(2) आलेखन व टिप्पण तथा कार्यालय पद्धति	100		2 घंटे
(3) सामान्य ज्ञान	100		2 घंटे

टिप्पणी :—चारों श्रेणियों अर्थात के० सं० लि० सेवा/रे० बो० स० लि० से० निर्वाचन आयोग/पर्यटन विभाग के उम्मीदवारों के लिए टिप्पण, प्रारूपण तथा कार्यालय पद्धति के प्रश्न-पत्र अलग-अलग होंगे।

3 परीक्षा का पाठ्य विवरण नीचे दी गई अनुसूची के अनुसार होगा।

4. उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्र के उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी (देवनागरी) में लिखने का विकल्प करने की अनुमति दी जाती है परन्तु शर्त है कि सभी प्रश्न पत्रों अर्थात् (i) निबंध तथा सारलेखन, अथवा (ii) टिप्पणी लेखन/मसौदा लेखन और कार्यालय पद्धति, अथवा (iii) सामान्य ज्ञान में से किसी एक प्रश्न-पत्र का उत्तर सभी उम्मीदवारों को अंग्रेजी में अवश्य लिखना है।

टिप्पणी 1:—यह विकल्प पूरे प्रश्न-पत्र के लिए होगा न कि एक ही प्रश्न-पत्र में अलग-अलग प्रश्नों के लिए।

टिप्पणी 2:—जो उम्मीदवार उपरोक्त प्रश्न-पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में अथवा हिन्दी (देवनागरी) में लिखना चाहते हैं उन्हें यह बात आवेदन-पत्र के कालम 6 में स्पष्ट रूप में लिख देना चाहिए अन्यथा यह समझा जाएगा कि वे प्रश्न-पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में लिखेंगे।

टिप्पणी 3:—एक बार रखा गया विकल्प अंतिम माना जाएगा और आवेदन-पत्र के कालम 6 में परिवर्तन करने से संबंधित कोई अनुरोध साधारणतया स्वीकार नहीं किया जाएगा।

टिप्पणी 4:—प्रश्न-पत्र हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों में दिए जाएंगे।

टिप्पणी 5:—उम्मीदवार द्वारा अपनाई गई (प्राप्त की गई) भाषा को छोड़कर अन्य किसी भाषा में लिखे उत्तर को कोई महत्व नहीं दिया जाएगा

5. उम्मीदवारों को सभी उत्तर अपने हाथ से लिखने होंगे। किसी भी हालत में उन्हें उत्तर लिखने के लिए अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

6. आयोग अपने विवेक से परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक अंक (क्वालीफाइंग नम्बर) निर्धारित कर सकता है।

7. केवल कोरे सतही ज्ञान के लिए अंक नहीं दिये जायेंगे।

8 खराब लिखावट के कारण लिखित विषयों के अधिकतम अंकों के 5 प्रतिशत तक अंक काट दिए जाएंगे।

9 परीक्षा के सभी विषयों मे इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि भावाभिव्यक्ति कम से कम शब्दों में, क्रमबद्ध तथा प्रभावपूर्ण ढंग से और ठीक-ठीक की गई है।

अनुसूची

परीक्षा का पाठ्यक्रम विवरण

(1) निबन्ध तथा सार लेखन

(क) निबन्ध :—विहित कई विषयों में से किसी एक पर निबन्ध लिखना होगा।

(ख) सार लेखन :—सूक्ष्म सार लिखने के लिए सामान्यतः अनुच्छेद दिए जायेंगे।

(2) टिप्पण व आलेख तथा कार्यालय पद्धति :—इस प्रश्न-पत्र का प्रयोजन सचिवालय का ज्ञान तथा सम्बद्ध कार्यालयों में कार्यालय पद्धति के बारे में उम्मीदवारों का ज्ञान और सामान्यतः टिप्पण व आलेखन के लिखने तथा समझने मे उम्मीदवारों की योग्यता जांचना है।

केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के उम्मीदवारों को चाहिए कि इसके लिए कार्यालय पद्धति की नियम पुस्तक (मैनुअल आफ आफिस प्रोसीजर)—सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान द्वारा जारी की गई कार्यालय पद्धति पर टिप्पणियां—रूल्स आफ प्रोसीजर एण्ड कन्डक्टस आफ बिजिनेस इन लोक सभा एण्ड राज्य सभा तथा संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए हिन्दी के प्रयोग से संबंधित गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई आदेश पुस्तिका पढ़ें।

रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा के उम्मीदवारों को चाहिए कि वे रेलवे बोर्ड द्वारा जारी की गई कार्यालय पद्धति संहिता और लोक सभा और राज्य सभा में प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियमों और संघ के शासकीय प्रयोजनो के लिए हिन्दी के प्रयोग से संबंधित गृह मंत्रालय द्वारा जारी किये गए आदेशों की हस्त-पुस्तिका और इस प्रयोजन के लिए राज भाषा के प्रयोग से संबंधित भारतीय रेलवे के आदेशों के संकलन का अध्ययन करें।

(3) सामान्य ज्ञान :—सामान्य ज्ञान के प्रश्न-पत्र का उद्देश्य अन्य बातों के साथ-साथ प्रत्याशी का भारतीय भूगोल तथा देश के प्रशासन संबंधी ज्ञान तथा राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय दोनों की वर्तमान घटनाओं के प्रति बुद्धिमत्तापूर्ण जागरूकता जिसकी किसी शिक्षित मनुष्य से अपेक्षा की जा सकती है, की परीक्षा लेना है। प्रत्याशियों के उत्तरों से उनके लिए किन्हीं पाठ्य पुस्तकों, प्रतिवेदनों इत्यादि के विस्तृत ज्ञान की अपेक्षा नहीं अपितु उनके प्रश्नों को बुद्धिमत्तापूर्ण तौर पर समझने की क्षमता प्रदर्शित हो।

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, 30 अप्रैल 1981

संकल्प

सं० 3एम-44/80 ई० पी० (एम० पी०)—पार्ट—भारत के समुद्री उत्पादों के निर्यातकों में गिरावट तथा उन कतिपय मूलभूत समस्याओं के संदर्भ में जो समुद्री उत्पादों के निर्यातों के विकास के संबंध में सामने आई हैं, भारत सरकार ने समस्याओं के पूरी तरह से अध्ययन के लिए समुद्री उत्पादों संबंधी एक टास्क फोर्स गठित करने का निश्चय किया है।

2. इस टास्क फोर्स के विचारार्थ विषय ये होंगे :—

(1) समुद्री उत्पादों के निर्यातों में कमी होने के कारणों का पता लगाना और अल्पकालीन तथा साथ ही दीर्घकालीन उपचारात्मक उपायों का सुझाव देना

(2) समुद्री उत्पादों की मदों के निर्यातों के विविधीकरण के लिए उनका पता लगाना और उनके शीघ्र विकास के लिये किए जाने वाले उपायों का पता लगाना

(3) समुद्री उत्पादों के क्वालिटी नियंत्रण की विद्यमान पद्धति की समीक्षा करना और इसे अधिक प्रभावशाली बनाने के उपाय सुझाना

(4) समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा करना और समुद्री खाद्य उद्योग के समग्र विकास में इसकी भूमिका की स्पष्ट रूप से परिभाषा करना और

(5) समुद्री उत्पादों के निर्यातों के विकास के लिए अत्यधिक महत्व वाले किन्हीं अन्य मामलों पर विचार करना।

3. टास्क फोर्स का गठन निम्नोक्त प्रकार होगा :—

(1) वी० सी० वेंकटरमन, अपर सचिव, वाणिज्य मंत्रालय।	अध्यक्ष
(2) श्री डी० डब्ल्यू० तेलंग, संयुक्त सचिव, वाणिज्य मंत्रालय	सदस्य
(3) श्री ए० जे० एस० सोढी, संयुक्त सचिव (व्यापार प्रभाग), कृषि मंत्रालय	सदस्य
(4) श्री एम० ए० के० तायब, संयुक्त सचिव (फिशरीज), कृषि मंत्रालय	सदस्य
(5) श्री विजय एल० केलकर, आर्थिक सलाहकार, वाणिज्य मंत्रालय	सदस्य
(6) श्री टी० एन० जेटली, निदेशक (निर्यात संवर्धन) विकास आयुक्त (लघु उद्योग) का कार्यालय, उद्योग मंत्रालय	सदस्य

(7) श्री जी० एस० साहनी, सदस्य
सदस्य (सीमा शुल्क),
राजस्व विभाग,
वित्त मंत्रालय ।

(8) श्री एन० बालसुब्रमणियन, सदस्य
उप सचिव,
आर्थिक कार्य विभाग,
(बैंकिंग प्रभाग)
वित्त मंत्रालय ।

(9) श्री टी० नारायणन, सदस्य
उप सलाहकार (ए० एच०),
योजना आयोग ।

(10) श्री डी० सी० मजूमदार सदस्य
निदेशक, निर्यात निरीक्षण परिषद,

(11) आयात-निर्यात के मुख्य नियंत्रक के कार्यालय का सदस्य
प्रतिनिधि ।

(12) श्री एन० पी० सिंह सदस्य
अध्यक्ष, भारतीय मत्स्य उद्योग
एसोसिएशन ।

(13) श्री सी० चेरियन, सदस्य
अध्यक्ष, भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक एसोसिएशन

(14) श्री भास्करन पिल्ले, सदस्य
सचिव, आल केरल मेकानाइज्ड,
बोट ओनर्स एसोसिएशन ।

(15) श्री आर० माधवन नायर सदस्य

(16) श्री शक्ति कुमार सदस्य
भूतपूर्व संसद सदस्य,
संकर गांव, दुरीवा पोस्ट आफिस,
होल्टा डिस्ट्रिक्ट 24,
परगना ।

(17) श्री आर० सी० चौधरी, अध्यक्ष, सदस्य सचिव
समुद्री उत्पाद निर्यात विकास
प्राधिकरण ।

4. टास्क फोर्स सरकार एवं गैर-सरकारी दोनों प्रकार के अधिकारियों को अन्य सदस्यों के रूप में सहयोजित कर सकता है ।

5. टास्क फोर्स अपनी पहली बैठक के चार महीनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। यह आवश्यकतानुसार एक अथवा अधिक अन्तरिम रिपोर्ट भी प्रस्तुत कर सकता है ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों और समुद्री तटवर्ती राज्य सरकारों तथा संघ शासित क्षेत्रों को भेज दी जाये ।

डी० डब्ल्यू० तेलंग, संयुक्त सचिव

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्रालय

(पेट्रोलियम विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 12 मई, 1981

संकल्प

संख्या जे०-13013/3/81-सामान्य—भारत सरकार ने पेट्रोलियम विभाग के लिए एक वैज्ञानिक सलाहकार समिति का गठन करने का निर्णय किया है।

2 समिति का संयोजन इस प्रकार होगा :

(1) प्रो० एम० एम० शर्मा अध्यक्ष
प्रोफेसर आफ केमिकल इंजीनियरिंग
यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट आफ केमिकल्स टेक्नोलोजी,
बम्बई ।

(2) डा० जे० एस० अहलूवालिया, सदस्य
प्रमुख, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, इंडियन आयल
कारपोरेशन, फरीदाबाद ।

(3) डा० जे० एन० बरुआ, कार्यवाहक निदेशक, सदस्य
रीजनल रिसर्च लैबोरेटरी, जोरहाट ।

(4) डा० एल० के० दोरायस्वामी, निदेशक, सदस्य
नेशनल केमिकल लेबोरेटरी, पुणे

(5) डा० वी० आर० गोवारीकर, निदेशक, सदस्य
स्पेस रिसर्च सेंटर, थुम्बा, त्रिवेन्द्रम

(6) श्री वी० बी० गुप्ता, प्रोफेसर आफ टेक्सटाइल इंजी०, सदस्य
इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलोजी, दिल्ली।

(7) डा० आई० बी० गुलाटी, सदस्य
निदेशक, इंडियन इंस्टीट्यूट आफ पेट्रोलियम,
देहरादून ।

(8) डा० नित्यानन्द, निदेशक,
सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट, लखनऊ सदस्य

(9) डा० पी० के० मुखोपाध्याय, प्रबंधक, सदस्य
आर० एण्ड डी० इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड,
नई दिल्ली ।

(10) प्रो० शुकदेव, निदेशक, सदस्य
मालती केम, लेबोरेटरी, बड़ौदा ।

(11) डा० त्यागराजन, निदेशक सदस्य
रीजनल रिसर्च लेबोरेटरी, हैदराबाद।

(12) डा० वी० डी० तिलक, भूतपूर्व निदेशक, सदस्य
नेशनल केमिकल लेबोरेटरी, पूना ।

(13) डा० एस० वरदाराजन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सदस्य
आई० पी० सी० एल०, बड़ौदा ।

पेट्रोलियम सचिव तथा पेट्रोलियम विभाग के संयुक्त सचिव/सलाहकार समिति की बैठकों में स्थायी रूप से आमंत्रित व्यक्ति होंगे। बैठक में भाग लेने के लिए या समिति को सहयोग देने के लिए अध्यक्ष किसी भी अन्य व्यक्ति/व्यक्तियों को आमंत्रित कर सकते हैं ।

3. समिति के विचारार्थ विषय नीचे दिये गये हैं :—

"विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित नीतियों पर सलाह देना तथा उन्हें कार्यान्वित करने के लिए उपाय सुझाना जिससे ईंधनों एवं रसायनों के रूप में प्रयोग के लिए, हाइड्रोकार्बन कच्चे माल के अनुकूलतम संसाधन को सुनिश्चित किया जा सके।"

4. प्रारंभ में समिति की कार्य अवधि 2 वर्ष होगी। समिति की जब भी आवश्यक होगा बैठक होगी परन्तु वह तिमाही में एक बार अवश्य बैठक करेगी तथा वह समय-समय पर सरकार को पेट्रोलियम मंत्रालय में उपयुक्त अनुशंसा करेगी ।

5. समिति के लिए सचिवालय सहायता पेट्रोलियम विभाग द्वारा प्रदान की जायेगी ।

6 समिति के सदस्यों को कोई पारिश्रमिक नही दिया जायेगा। तथापि गैर सरकारी सदस्यों के यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता पर होने वाले व्यय को भारत सरकार वहन करेगी । सरकारी अधिकारियों/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के प्रतिनिधियो का यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता संबंधित विभाग/उपक्रमों द्वारा वहन किया जायेगा ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रतिलिपि सभी राज्य सरकारों, संघ क्षेत्रीय प्रशासनों/लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालयों तथा भारत सरकार के संबंधित मंत्रालयो तथा विभागों को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम सूचनार्थ भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

एस० एल० खोसला, संयुक्त सचिव

शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 5 मई 1981

विषय :—एशियाई खेल, 1982 के लिए संचालन समिति का पुनर्गठन ।

सं० एफ० 11/80 ए० जी० सी० (1)— उपरोक्त विषय पर शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय की अधिसूचना संख्या एफ० 1-2/80 ए० जी० सी० (जी० आई० बी०) दिनांक 7 अक्तूबर, 1980 के क्रम में यह निर्णय किया गया है कि श्री विद्या चरण शुक्ल, जिन्होंने त्यागपत्र दे दिया है, के स्थान पर जहाजरानी व परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री सरदार बूटा सिंह एशियाई खेल, 1982 की संचालन समिति के उपाध्यक्ष होंगे । जब कभी संचालन समिति के अध्यक्ष अनुपस्थित होंगे अथवा अन्य कारण से वह अध्यक्षता नहीं कर सकते तो संचालन समिति की बैठकों की अध्यक्षता उपाध्यक्ष करेंगे ।

एस० रामामूर्ति, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(DEPARTMENT OF PERSONNEL & ADMINISTRATIVE (REFORMS)

New Delhi, the 16th May 1981

RULES

